## संक्षिप्त

### दुकान से चोरी की

**दूदू ।** जिला मुख्यालय पर दूंदू पुलिस थाने से करीब 200 मीटर दूर रोडवेज बस स्टैंड के पास संचालित एक दुकान का चोरों की गिरोह द्वारा सोमवार की रात को शटर के ताले तोड़कर वहां रखे करीब 12000 नगद चुराकर ले जाने के साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ने की वारदात को अंजाम दिया गया दुकान मालिक प्रमोद जैन ने बताया कि मंगलवार की सुबह जो दुकान आया तो शटर के ताले टूटे हुए पड़े थे पर सामान बिखरा हुआ था वहां गले में रखी राशि नहीं मिली तथा सीसीटीवी कैमरे टूटे हुए पड़े थे घटना की सूचना दूंदू थाने में दी गई मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मौका देखा तथा रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी

### पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**दूदू ।** राजकीय कन्या महाविद्यालय दूदू में अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व पर मंगलवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्राचार्य डॉक्टर संदीपन आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में पांच छात्राओं ने भाग लिया तथा पोस्टर बनाए गए प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा निर्णय किया गया प्रथम स्थान पर निकिता जांगिड़ द्वितीय स्थान पर धीरज कंवर तृतीय स्थान पर आरती बलाई प्रेम ममता गुर्जर सिमरन बानो को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मुकेश शर्मा डॉक्टर अंजली शर्मा ने बताया कि कल को विकसित कर आर्थिक व सांस्कृतिक रूप से समृद्ध किया जावे तथा कल को हुनर से जोड़कर आजीविका के साथ संयुक्त करना चाहिए इस दौरान महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से बाडे में लगी आग

**निवाई ।** गांव थली बासड़ा हमीदपुरा में मंगलवार को अज्ञात कारणों से एक बाडे में आग लग गई। हरिराम गुर्जर ने बताया कि ग्रामीण देवकिशन गुर्जर पुत्र भैरूलाल गुर्जर के बाडे में अचानक आग लग गई। आग लगने से 6 बोरी गेंहू, बाजरा की कडवी, खाखला सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गए। आग लगने से बाडे में बंधी एक भैंस झुलस गई। सूचना पर हल्का पटवारी व पुलिस मौके पर पहुंचकर घाटना की जानकारी ली।

### खाटूश्यामजी में विशाल नृसिंह लीला आज

**खाटूश्यामजी ।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर खाटूश्यामजी के मुख्य बाजार में नृसिंह लीला का आयोजन किया जाएगा।विशाल नृसिंह लीला समिति के अध्यक्ष वरूण माहेश्वरी ने बताया कि बुधवार को सांय छ बजे हनुमान चालीसा का पाठ होगा तथा रात्रि नो बजे नृसिंह लीला का शुभारंभ होगा। सम्पूर्ण रात्रि चलने वाली नृसिंह लीला में दक्षिण भारतीय शैली में भगवान के 24 अवतारों की झांकी के साथ नृत्य होगा। जिसमें पंचवीर,गणेश जी, ब्रह्मा जी,कच्छ-मच्छ,नर-नील,केसरिया वीर,सुर्य,वराह अवतार, नृसिंह अवतार के दर्शन होंगे।इसके साथ ही देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां भी सजाई जाएगी।

### हेमलता बैरवा बनी जिला महासचिव

**निवाई।** कांग्रेस कमेठी प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष हरिभाई हरि ने कार्यकारणी में जिला महासचिव के पद पर हेमलता बैरवा निवासी निवाई को मनोनीत किया है। इस दौरान नवनियुक्त जिला महासचिव हेमलता बैरवा को नियुक्ति पत्र देकर संगठन में सक्रिय रहने के लिए निर्देशित किया है।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार, दम्पति घायल

**मालपुरा ।** मालपुरा केकडी सडक मार्ग पर मंगलवार की दोपहर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो सडक किनारे खाई मे पलटी खा गई। केकडी रोड जलदाय विभाग पम्प हाऊस के पास कार पलटने की मिली सुचना पर पहुंचे 1०8 एम्बूलेंस की सहायता से कार सवार घायल दम्पति को मालपुरा जिला अस्पताल मे करवाया भर्ति। चिकित्सको ने तत्काल घायलो का किया उपचार।

### पदयात्रा का किया स्वागत

**निवाई ।** हिंगोनिया में प्राचीन ढूंढ नदी पर स्थित बालाजी मंदिर की दसवीं पदयात्रा रवाना हुई। सुबह 11:15 बजे प्राचीन शिव मंदिर से पूजा अर्चना के साथ ध्वज पूजन कर विधि विधान से पदयात्रा रवाना हुई।

# 'स्कूलों में कैंप लगाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करें'

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सचिवालय खैरथल में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी, सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ आदि की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। और संपर्क पोर्टल के विभिन्न मापदंडों पर सभी अधिकारियों की समीक्षा कर आने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश दिए।



जिला सचिवालय पर समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर किशोर कुमार।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने तंबाकू 2.0 अभियान के तहत खुले में तंबाकू उत्पादों की बिक्री तथा स्कूल परिसर के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर अंकुश लगाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को चालान करने के निर्देश दिए। जिससे स्कूलों के पास तंबाकू बिक्री पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत की प्रगति की समीक्षा कर मंडी सेक्रेटरी से मंडी में आ रही उपज की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

मौसमी बीमारियों की जानकारी लेते हुए अस्पतालों में दवाइयां की उपलब्धता की सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समय-समय पर स्कूलों में मेडिकल कैंप का आयोजन कर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए निर्देशित किया। नवाचार मिशन स्वस्थ जीवनशैली के विभिन्न वार्डों में आयोजित कैंपों में आ रहे मरीज उपचारों की समीक्षा कर कलेक्टर ने को-ऑपरेटिव के अधिकारियों को प्रचार प्रसार कर किसानों को डीएपी के बजाय सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का उपयोग कम लागत मे अधिक उपज प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर जागरूक करने के निर्देश दिए।

- **कलेक्टर ने स्कूलों के नजदीक तंबाकू की बिक्री को रोकने के निर्देश दिये**

## विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**पावटा।** किसी भी विधानसभा क्षेत्र की प्रगति का प्रमाण वहां रहने वाली जनता की खुशहाली है और जनता की संतुष्टि उनकी समस्याओं के निवारण से जुडी हुई है। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड जनसमस्याओं के निवारण और उनकी खुशहाली के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हर क्षेत्रवासी की समस्याओं का निदान कर विराटनगर को एक खुशहाल विधानसभा क्षेत्र बनाने की दिशा में रविवार को विधायक कुलदीप धनकड द्वारा आपका सेवक आपके द्वार जनसुनवाई का आयोजन कर 24 घण्टें ग्राम पंचायत में रहकर विधानसभा क्षेत्र विराटनगर के जाजैंकला ग्राम पंचायत से कार्यक्रम की शुरुआत कर गांव-गांव व ढाणी-ढाणी में लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना एवं मौके पर संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाकर त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं का तीव्रता से समाधान करें। जो भी शिकायत उनके संज्ञान में आती है वे उसका निपटान करें।

## अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आज

**निवाई।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में बुधवार को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट व पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि प्रताप स्टेडियम में शाम साढे 7 बजे से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमे अंतर्राष्ट्रीय स्टार कवयित्री अनामिका जैन अम्बर के सानिध्य में अंतर्राष्ट्रीय ओज कवि एवं संचालक सौरभ जैन सुमन, हास्य कवि पवन आगरी एमपी, राष्ट्रीय ओजस्वी कवि राम भदावर, लाफ्टर चैंपियन हिमांशु बवंडर, हास्य कवि दीपक पारीक, हास्य कवि गिरिराज आमेटा, हिंदी व राजस्थानी गीतकारा दीपा सैनी जयपुर, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय गीतकार डॉ. आदित्य जैन कोटा, ओज कवि महेश डांगरा व श्रृंगार रस कवि कन्हैयालाल सहित कई अंतर्राष्ट्रीय कवियों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# प्रधानाचार्यों के स्थानांतरण पश्चिम राजस्थान के जिलों में किये जाने पर मचा बवाल

**दौसा।** राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को प्रधानाचार्यो की स्थानांतरण सूची जारी की गई, जिसमें दौसा विधानसभा क्षेत्र के तकरीबन दो दर्जन से अधिक एक ही वर्ग के प्रधानाचार्यो के स्थानांतरण पश्चिम राजस्थान के जिलों में किये जाने से बवाल मच गया, इधर काबीना मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा के हस्तक्षेप के बाद शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण सूची का निरस्त कर दी है। वही दूसरी ओर स्थानांतरण सूची एक जाति वर्ग के प्रधानाचार्यो को टारगेट बनाये जाने को लेकर कई तरह की चर्चाओं का दौर जारी है।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग ने आदर्श आचार संहिता की संभावनाओ को देखते हुये मंगलवार को स्थानांतरण सूची जारी कर दी, जिसमें एक जाति विशेष के तकरीबन दो दर्जन से अधिक प्रधानाचार्यो को बांसवाडा, डूंगरपुर, बाडमेर जिलो में स्थानांरण कर दो बजे तक कार्यमुक्त करने के आदेश जारी कर दिये। इधर उक्त सूची जारी होने के साथ ही शिक्षा विभाग के हडकम्प मच गया तथा एक जाति विशेष के प्रधानाचार्य लामबंध होकर काबीना मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा से मिले। काबीना मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने मामले को गंभीरता से लेते हुये तत्काल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से बात की तथा पत्र लिखकर जनहित में स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाये जाने की मांग की। इधर डॉ. किरोडीलाल मीणा के हस्तक्षेप के बाद शिक्षा विभाग की नींद खुली तथा आनन फानन में तीनो स्थानांतरण आदेशो को निरस्त कर दिया। इधर स्थानांतरण सूची में एक जाति विशेष के प्रधानाचार्यो के स्थानांतरण किये जाने को लेकर कई तरह की चर्चाए शुरु हो गई।

- **मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा के हस्तक्षेप के बाद शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण सूची का निरस्त कर दी है।**

**आखिर किसकी सिफारिश पर हुये स्थानांतरण:-** शिक्षा विभाग द्वारा एक ही जाति विशेष के लोगो के स्थानांतरण किये जाने को लेकर कई तरह के कयास लगाये जा रहे है। बताया जाता है कि दौसा में विधायक का पद रिक्त होने के बावजूद आखिर किस नेता के ईशारे पर स्थानांतरण किये गये इसको लेकर कई नेताओ पर आरोप प्रत्यारोप लगाये जा रहे है। सूत्रो ने बताया कि दौसा विधानसभके विधायक का पद रिक्त है, ऐसे में संगठन की सिफारिशों पर अधिकारियो के पद स्थापन्न किये जा रहे थे। स्थानांतरण को लेकर भाजपा संगठन के पदाधिकारी खुद सख्ते में आ गये है तथा प्रदेश स्तरीय नेताओ से इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभूदयाल शर्मा ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव को देखते हुये संगठन द्वारा किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारियो की हटाने एवं लगाने की सिफारिश नही की गई है, मै खुद इस सूची को देखकर स्तब्ध हूं। इसकी तह में जाने के प्रयास किये जा रहे है। उधर दौसा विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने कहा कि ऐसी ओछी राजनीति मेरे द्वारा नही की जाती है, मै खुद चुनाव की तैयारी में लगा हुआ हूं, ऐसा कौनसा नेता है जो चुनाव से पूर्व अधिकारी एवं शिक्षको के बुराई मोल लेगा, इस प्रकरण की गंभीरता से जांच होनी चाहिये।

# गैंगरेप मामले में धरना प्रदर्शन छठवें दिन भी जारी रहा

**जयसिंहपुरा ।** खोर थाने के बाहर गैंग रेप को लेकर धरना प्रदर्शन 6वें दिन भी जारी रहा और आज शाहपुरा विधायक मनीष यादव और ग्रामीण सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा धरना स्थल पर पहुंचे पीडित परिवार और समाज के लोगों से घटना पर चर्चा की, सरकार की ओर से कोई भी प्रतिनिधि मंडल, मंत्री, किसी ने भी सुध नहीं ली, पीड़िता परिवार के लोगों में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश, दलित समाज द्वारा प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ विरोध जताएंगे परिवार और सैकड़ो लोगों ने मिलकर कल शहीद स्मारक इकट्ठा होकर सीएम हाउस और जयपुर कलेक्टर का घेराव करने को कहा क्योंकि प्रशासन ना तो दोषियों को लेकर और ना ही हमारी मांगों को लेकर चर्चा कर रही है प्रशासन आंख मूंद कर बैठा हैं और जयसिंहपुरा खोर थाने के सामने धरना प्रदर्शन जारी रहेगा क्योंकि धरने पर बैठे पीड़ित परिवार का कहना है कि कुन्दन मीणा, रामवतार मीणा, गिर्राज मीणा, दीपक मीणा, के अलावा और भी इस गैंगरेप में शामिल है धरने पर बैठे पीड़ित परिवार, और एडवोकेट विकास बुनकर, रुप नारायण मीणा, और सैकड़ो लोगों का कहना है कि जब तक गैंगरेप से संबंधित सभी दोषियों को सजा, इस प्रकरण में लिफ्त पुलिसकर्मियों, एसएचओ को सस्पेंड, और पीड़िता या पीड़िता परिवार को सरकारी नौकरी, 1 करोड़ मुआवजा, आजीवन पीड़िता का संपूर्ण इलाज, नहीं मिल जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा

- **शाहपुरा विधायक मनीष यादव और ग्रामीण सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा धरना स्थल पर पहुंचे**


ग्रामीण सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा धरना स्थल पर पहुंचे।

## फुलेरा में भीम क्रांति दिवस मनाया

**फुलेरा ।** कस्बे के अम्बेडकर सर्किल पर सोमवार प्रातः 10 बजे "भीम क्रांति दिवस" मनाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक भंवर लाल सांभरिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा का जलाभिषेक स्नान कराया गया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। इसी क्रम में भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया। तत्पश्चात वहीं सर्किल के सामने स्थित नेहरू बाल उद्यान वाटिका में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी वक्ताओं ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बहुजनों के लिए किये गये कार्यो से अवगत कराया तथा बाबा साहब द्वारा किये गये त्याग तपस्या और कुर्बानियों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी ने इस बात पर एक मत होकर निर्णय लिया कि प्रत्येक महीने की 14 तारीख को भीम क्रांति दिवस मनाने से पहले जो भी रविवार आये उसमें सभी बहुजनों की एक आवश्यक मीटिंग बुलाई जाये। इसके साथ ही उस महीने की 14 तारीख को मनाये जाने वाले भीमक्रांति दिवस के सम्बन्ध में कार्यक्रम की रूपरेखा पहले तैयार की जाये। इसके साथ ही बहुजनों में जागृति पैदा करने के लिए घर घर जाकर प्रचार प्रसार करने और पंपलेट बांटने का निर्णय भी लिया गया। सभी बहुजन बंधुओं ने अपने अपने विचार रखें। वहीं यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह की 14 तारीख को अम्बेडकर सर्किल पर भीम क्रांति दिवस मनाने से पहले बाल उद्यान में सभी बहुजन पहले एकत्रित होकर बुद्ध वन्दना करेंगे।

## कल मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

**निवाई।** प्राचीन गोपीनाथ मंदिर में गुरूवार की शाम को शरद पूर्णिमा पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगें। इस दौरान भगवान को राधा रूकमणीजी के विग्रह के साथ गर्भगृह से बाहर निकाला जाएगा। भगवान गोपीनाथ के पंचमेवे की खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसी प्रकार गांव हरभांवता आश्रम में संत बालकानन्द महाराज के सानिध्य में शरद पूर्णिमा पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगें।

# लाईब्रेरी का उद्घाटन व शनि देव महाराज मंदिर का विधिवत किया शिलान्यास

**पावटा।** विराटनगर विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छितौली मे वातानुकूलित सभी सुविधाओं से सुसज्जित नवनिर्मित लाईब्रेरी का उद्घाटन व शनि देव महाराज का मंदिर निर्माण हेतु हरि दास महाराज के सानिंध्य मे विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य एवं सरपंच शीशराम दायमा की अध्यक्षता व जिला पार्षद हरफूल कसाना, कन्हैयालाल गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य ममता दायमा, विकास सिंह, महामंत्री खेमसिंह के विशिष्ट आतिथ्य में जहाँ परंपरागत तरीके से मंत्रोच्चारण कर उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। वातानुकूलित सभी सुविधाओं से सुसज्जित 6.5० लाख की लागत से 5० सीटों वाली नवनिर्मित लाईब्रेरी निर्माण कार्य में भामाशाह राकेश सोलंकी व अश्वनी कुमार की भूमिका रही है। विधायक कुलदीप धनकड ने विद्यार्थियों को उनके लिए स्थापित पुस्तकालय के सद्पयोग के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने का आहवान किया। उन्होंने कहाँ कि पुस्तकालय के बेहतर माहौल व अच्छा करने की प्रतिस्पर्धा के बीच आपकी मेहनत जरूर रंग लायेंगी। वही शनि देव महाराज का मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि जीवन का कुछ पल अपने व्यस्ततम समय से निकाल कर धार्मिक कार्य करना चाहिए। सदैव अपने जीवन में राजनीतिक सामाजिक आर्थिक कार्यो के साथ-साथ धार्मिक कार्य में भी अपना योगदान देकर अपने इष्ट देवी देवताओं की पूजा अर्चना हमें करनी चाहिए। धर्म के क्षेत्र में सेवा का सौभाग्य अगर इस जीवन मे मिलता है तो हमे निरंतर करना चाहिए। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। वही ओमप्रकाश शर्मा, रामकिशोर, महेशचंद, पूरणमल, सुंदरलाल शर्मा, मनोहर लाल ने विधायक और भामाशाहों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।


फीता काटकर उद्घाटन करते हुए।

वहीं विधायक कुलदीप धनकड द्वारा कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी समानित किया गया। वही ग्रामीणों द्वारा छितौली में सामुदायिक भवन बनाने की मांग पर विधायक कुलदीप धनकड ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1० लाख रुपए, पिपली स्टैंड से किशनपुरा होते हुए छितौली तक 7 मीटर चौडी सडक निर्माण करवाने की घोषणा की। इससे पहले विधायक कुलदीप धनकड के ग्राम छितौली पहुंचने पर ग्रामीणों ने मुय मार्गो से होकर जुलूस निकाला व गर्म जोशी से जगह जगह पुष्प वर्षा कर विधायक धनकड का स्वागत किया।

## विद्युत निगम की घोर लापरवाही, नहीं हटाए जर्जर पोल

**सांभरझील ।** जयपुर विद्युत विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शाखा सांभर के अभियंता आमजन की सुरक्षा को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से डिस्कॉम को आदेश दिए जाने की बावजूद उनके निर्देशों की पालन नहीं की जा रही है, लिहाजा सांभर में अनेक स्थानों पर विद्युत के ऐसे जर्जर पोल गल कर सड़क से ऊपर उठ गए हैं जो कभी भी गिरकर लोगों की सुरक्षा को खतरा पैदा कर सकते हैं। यह घोर लापरवाही आमजन की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़े कर रही है। तेली दरवाजा रोड स्थित मंसूरी कॉटन वर्क्स की दुकान के आगे नाली में, रेलवे स्टेशन स्थित अर्पिता बेकरी के नजदीक, सुदामा की दुकान के आगे, कटला बाजार के मोड पर, गोला बाजार पेशाब घर के पास सहित करीब 20 से अधिक ऐसे जर्जर पोल बताए जा रहे हैं जो अपनी उम्र को बयां कर रहे हैं। स्टेट वाइस प्रेसिडेंट गोपाल लाल बताते हैं कि वे खुद व व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विनोद कुमार गट्टानी ने जर्जर पॉल को बदलने का निगम को अनुरोध किया है।

## सार-समाचार

### तंबाकू मुक्ति का संदेश दिया




**दौसा।** दौसा जिले में संचालित तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के तहत मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर रैली निकाल आमजन को तंबाकू मुक्ति का संदेश दिया गया तथा दो हजार से भी अधिक बच्चों और आमजन को तंबाकू मुक्ति की शपथ दिलाई गई। रैली में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों के साथ स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीताराम मीणा ने मंगलवार को सिकन्दरा ब्लॉक में महात्मा गांधी स्कूल टोरड़ा, बसवा ब्लॉक के राउमावि रेहड़िया, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बावनपाड़ा, पीईईओ अचलपुरा, निहालपुरा, राउमावि ठिकरिया, नांगल राजावतान, नांगलछापा खारंडी आदि स्कूलों के बच्चों ने रैली निकाल आमजन को तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहने का संदेश दिया। इसके अलावा स्कूलों में बच्चों व स्टाफ को तंबाकू उत्पादों से दूर रहने और अन्य लोगों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। आंगनबाड़ी वर्कर्स, आशा बहिनों ने दीवारों पर तंबाकू मुक्ति के संदेश लिख आमजन को जागृत किया।

### सरस डेयरी में 8 करोड़ का भ्रष्टाचार, जांच में खुलासा

**अलवर।** सरस डेयरी संघ के अध्यक्ष विश्राम गुर्जर और डायरेक्टर माया देवी पर भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगाया गया है। संघ के पूर्व अध्यक्ष रामफल गुर्जर, शिवलाल मीणा और निलेश खंडेलवाल ने मंगलवार को आयोजित एक प्रेसवार्ता में भ्रष्टाचार का खुलासा किया है। इन्होंने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष विश्राम गुर्जर और संघ की मंडल सदस्य माया देवी दोनों के द्वारा 1 मार्च 2023 से 30 अक्टूबर 2023 तक करीब 8 माह में मिलावटी दूध की सप्लाई एक ही समिति से कराते हुए करीब 8 करोड रुपए का भुगतान संघ से उठाया है। इसके अलावा, सीएम संबल योजना के पैसे भी अलग-अलग बैंकों में एक ही परिवार के अलग-अलग खातों में करीब 25 लाख रुपए का फर्जीवाड़ा कर उठाया है। जिसके प्रमाण भी अधिकारियों को दिए गए हैं। प्रेसवार्ता में बताया गया कि इन घोटालों और भ्रष्टाचार की शिकायत केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन मंत्री संजय शर्मा, प्रमुख शासन सचिव डॉ समित शर्मा और आरसीडीएफ की सीएमडी श्रुति भारद्वाज से की गई है। इन भ्रष्टाचार की जांच अलवर डेयरी के एमडी राकेश विजय की ओर से भी कराई गई थी। जांच रिपोर्ट में भी भ्रष्टाचार पाया गया है। इसकी रिपोर्ट जयपुर अधिकारियों के पास है। इसके बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे पहले भी चिप लगाकर मिलावटी दूध का भार बढ़ाने के मामले में पुलिस ने अरावली विहार थाने में चिप और टैंकर को जप्त किया हुआ है। लेकिन पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। तत्कालीन एसपी ने भी एसआईटी गठन करने की बात कही थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रेसवार्ता में इन पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री और डेयरी मंत्री से कार्रवाई की मांग करते हुए आमजन को शुद्ध दूध उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है। पूर्व अध्यक्ष रामफल गुर्जर, शिवलाल मीणा और निलेश खंडेलवाल का कहना था कि इस मामले में जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों के साथ मिलकर आमरण अनशन किया जाएगा।

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दौसा।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार विधानसभा उप चुनाव-2०24 के लिए जिला कलक्ट्रेट स्थित कमरा संख्या 227 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष के टेलिफोन नं. ०1427-2249०3 है। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि विजेन्द्र मीना सहायक कलक्टर लालसोट नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभारी अधिकारी होंगे , जिनके मोबाईल नम्बर 9413964986 है। यह नियंत्रण कक्ष आचार संहिता प्रभावी होने के दिन से 8-8 घण्टे की तीन पारियों म ें 24ञ्7 घण्टे कार्यरत रहेगा। वहीं जिला रोजगार अधिकारी श्यामलाल शर्मा को ऑफलाईन शिकायतें और उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग ऋषिराज सिंघल को ऑनलाइन शिकायतों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। बृजेश कुमार तिवाडी शारीरिक शिक्षक राउमावि खेडली को टीम समन्वयक बनाया गया है।

### शरद पूर्णिमा महोत्सव 17 को

**शाहपुरा ।** दाऊ धाम मंदिर कालाकोटा में शरद पूर्णिमा महोत्सव 17 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। समाजसेवी सुभाष पोसवाल ने बताया की श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल बलदेवाचार्य के सानिध्य में 17 अक्टूबर को रात्रि को जागरण में रागनी कंपटीशन प्रोग्राम होगा जिसमें नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी हरियाणा द्वारा रागिनी की प्रस्तुति दी जाएगी। मंच संचालन हास्य व्यंग एंकर हमीर सिंह मंढ़ा करेंगे। मध्य रात्रि 12:00 बजे के बाद में भगवान को भोग लगाकर खीर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। मुकेश सराधना ने बताया की प्रोग्राम में हरियाणा राजस्थान मध्य प्रदेश गुजरात तक के भक्त शामिल होते है।

### विजेता खिलाड़ी का किया सम्मान

**श्रीमाधोपुर ।** एसबीएन पीजी कॉलेज के बी ए प्रथम वर्ष के छात्र रोशन गुर्जर पुत्र बाबूलाल गुर्जर निवासी नालोट ने अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो पुरुष प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने बताया कि रोशन गुर्जर ने 63 किलोग्राम भार में रजत पदक प्राप्त किया। शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो पुरुष प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में एसबीएन महाविद्यालय उपविजेता रही।विजेता खिलाड़ी के महाविद्यालय लौटने पर महाविद्यालय निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, श्रवण महला, मदन लाल सैनी ने माला व मेडल पहनाकर व मिठाई खिलाकर खिलाड़ी का सम्मान किया।

### अति. कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**टोंक।** भारतीय किसान संघ जिला टोंक ने बीसलपुर सिंचाई परियोजना की नहरो की सफाई और किसानों के लिए समुचित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध करवाने हेतु भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष रमेश चंद जाट के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा। जिसमें प्रांतीय राजस्व प्रमुख रामस्वरूप धाकड़ संभाग अध्यक्ष पोखरलाल जाट मालपुरा तहसील अध्यक्ष गोपी राम गोदारा, नवनियुक्त जिला मंत्री विनय सिंह ताखर, जिला जिला सह मंत्री रामगोपाल, रोलानिया जिला उपाध्यक्ष रामदयाल गुर्जर, और सभी तहसील अध्यक्ष मंत्री और तहसील कार्यकारिणी के कार्यकर्ता तथा अनेक किसानों ने भाग लिया।

### विकास कार्यो का किया लोकार्पण

**टोंक।** देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत उखलाना में केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी व जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने एक करोड़ 3 लाख रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्हैया लाल चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि विकास कार्यो के लिए धन की कोई कमी नहीं है, हमारी सरकार विकास के लिए ही कार्य करती है। इससे पूर्व अतिथियों का 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख ने कहा की गांव में निवास करने वाले अंतिम परिवार का उत्थान करना हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य है।

### प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले

**मालपुरा ।** बालाजी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान मे सीनियर सैकेण्डरी स्कुल मालपुरा खेल मैदान पर आयोजित मालपुरा प्रीमीयर लीग तृतीय डे-नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता मे सोमवार की रात हुये चार मुकाबलो मे स्टार क्लब नागोरियान ने फोजी फैक्ट्री को पराजित किया। तो आश्रम क्लब चांदसेन ने संडे क्लब मालपुरा को पराजित किया। विजयनगर क्लब ने इस्लामपुरा क्लब को पराजित किया। इसी क्रम मे मालपुरा लीजेंड ने कलमंडा मास्टरर्स क्लब को पराजित कर जीत दर्ज की। आयोजको की और से सभी चारो मुकाबलो मे मैन ऑफ दा मैच रहे खिलाडियो को क्लब अध्यक्ष त्रिलोक चन्द सैनी,रामबाबू शर्मा,क्लब संरक्षक रामजीलाल शर्मा व प्रहलाद पत्रकार ने सम्मानित कर किया उत्साहवर्धन।